हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 29 जनवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
विवेकानंद स्मृति फुटबॉल स्पर्धा का समापन



# निर्वाचन में तकनीक के प्रभावी उपयोग से जशपुर बना श्रेष्ठ निर्वाचन जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने और मतदाता सहभागिता को नई ऊंचाई देने की दिशा में जशपुर जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर जशपुर जिले का चयन "निर्वाचन में तकनीक का प्रभावी उपयोगष श्रेणी के अंतर्गत राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन जिला पुरस्कार के लिए किया गया।

■ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर हुए सम्मानित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदान किए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र को विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रोहित व्यास को जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सौंपे। यह सम्मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के कुशल नेतृत्व, नवाचारपूर्ण सोच और सतत प्रशासनिक प्रयासों का प्रतिफल है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने निर्वाचन कार्य में शामिल रहे जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सबके निष्ठा पूर्वक कार्य का परिणाम है। सभी ने निर्वाचन के दौरान अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन किया। निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों का समय बद्ध तरीके से पालन किया गया, जिसके फलस्वरूप यह सम्मान जिले को मिला है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिओम द्विवेदी सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।



### जिले के लिए गौरव का क्षण

यह सम्मान न केवल जशपुर जिला प्रशासन के लिए, बल्कि जिले के प्रत्येक मतदाता, अधिकारी-कर्मचारी और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सुदूर आदिवासी एवं पहाड़ी अंचलों वाला जशपुर जिला भी तकनीक आधारित सुशासन और लोकतांत्रिक नवाचार में राज्य के लिए मिसाल बन सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर मिले यह राज्य स्तरीय पुरस्कार जशपुर जिले के निर्वाचन इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हुआ और भविष्य में और बेहतर, पारदर्शी तथा सहभागी चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रेरणा बनेगा।

### तकनीक आधारित नवाचारों से जशपुर ने रचा नया मानक

निर्वाचन के दौरान जशपुर जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का उल्लेखनीय उपयोग किया गया। ई-प्रणालियों के माध्यम से मतदाता सूची का शुद्धिकरण, डिजिटल निगरानी, ऑनलाइन प्रशिक्षण, सोशल मीडिया के जरिए मतदाता जागरूकता, स्वीप गतिविधियों में तकनीकी नवाचार तथा चुनाव प्रबंधन में आईटी टूल्स के प्रभावी प्रयोग ने जशपुर को राज्य स्तर पर अग्रणी बनाया।

### कलेक्टर श्री व्यास की भूमिका रही निर्णायक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने निर्वाचन कार्य को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानते हुए इसे एक जनभागीदारी अभियान के रूप में संचालित किया। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, निर्वाचन अमला, तकनीकी टीम और फील्ड स्तर के कर्मियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए तकनीक को आम मतदाता से जोड़ा। यही कारण है कि जशपुर जिले के प्रयासों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष रूप से सराहा गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम कैंप कार्यालय की पहल से ग्राम घटमुंडा में लौटी रोशनी



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विकासखंड कुनकुरी के ग्राम घटमुंडा में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बाधित विद्युत आपूर्ति फिर से प्रारंभ हो गई। इससे बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामवासियों ने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। विकासखंड कुनकुरी के ग्राम घटमुंडा के मोहम्मद गहरीउद्दीन के घर के समीप लगा ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित थी। इससे ग्रामवासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग ने ग्राम घटमुंडा में ट्रांसफार्मर बदल दिया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई। गौरतलब है कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्य कताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।

### जीवन झरना विकास संस्था ने मनाया स्वाधीनता दिवस



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था के प्रांगण में संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिनपालिका कन्या छात्रावास कांसाबेल अधीक्षक, सिस्टर ब्रिजिट खलखो विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय ज्योति कॉन्वेंट की सिस्टर सेलिन जीवन झरना विकास संस्था की संचालिका सिस्टर एनी संस्था द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण के विद्यार्थी संस्था के सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया इसके पश्चात राष्ट्रगान और भारत का संविधान को उल्लेख करते हुए संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया। तत्पश्चात जीवन झरना में सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी एवं संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा देश भक्ति से संबंधित नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा संवैधानिक अधिकारों में मौलिक अधिकारों के बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी दी गई। एवं वीर शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए हम सबको भी अपने वतन के लिए निस्वार्थ भाव से एक दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारा के साथ रहने के लिए प्रेरित किया तत्पश्चात संस्था के प्रमुख ने उपस्थित सभी सदस्यों को कार्यक्रम में भागीदारी लेने के लिए आभार व्यक्त किया और मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### संविधान की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्यः जैन



**जशपुरनगर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में स्वतंत्रता सेनानी महावीर प्रसाद जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया गया। सम्मान समारोह के दौरान देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला और उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। देवेन्द्र जैन, नैतिक जैन ने कहा स्वतंत्रता सेनानी महावीर प्रसाद जैन ने देश की आजादी के लिए जिस साहस और समर्पण के साथ संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान स्वीकार करते हुए महावीर प्रसाद जैन ने भावुक स्वर में कहा कि देश की स्वतंत्रता और संविधान की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और संविधान के मूल्यों को जीवन में उतारने की अपील की। समारोह में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## सरगुजा संभाग को मिला दूसरा साइबर थाना

# सीएम साय ने वर्चुअली किया साइबर थाने का उद्घाटन






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से जशपुर जिले के साइबर थाना का वर्चुअली उद्घाटन किया। जशपुर में खुला यह साइबर थाना सरगुजा संभाग का दूसरा साइबर थाना है, जिससे साइबर अपराधों की जांच और कार्रवाई को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशभर में कुल 8 नए साइबर थानों का एक साथ वर्चुअल शुभारंभ किया। सरकार का उद्देश्य ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड और सोशल मीडिया अपराधों पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को शीघ्र राहत देना है।

### गृह मंत्री व शीर्ष अधिकारी वर्चुअली रहे मौजूद

उद्घाटन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, मुख्य सचिव विकास शील सहित कई वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। अधिकारियों ने साइबर अपराधों की बदलती चुनौतियों और तकनीक आधारित पुलिसिंग की जरूरत पर जोर दिया।

### हुआ स्थानीय कार्यक्रम

जशपुर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कृष्ण कुमार राय, कलेक्टर रोहित व्यास तथा डीआईजी एवं एसएसपी लाल उमेद सिंह सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीमावर्ती जिला होने से बढ़ती है चुनौती

विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि जशपुर जिला झारखंड और ओडिशा की सीमाओं से लगा होने के कारण साइबर अपराधों की चुनौती अधिक है। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, बैंकिंग फ्रॉड और सोशल मीडिया से जुड़े अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

### अब शिकायत के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि डिजिटल युग में अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। साइबर थाना खुलने से अब जिले के नागरिकों को शिकायत के लिए दूसरे जिलों या राजधानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलेगा।

### प्रशिक्षित स्टाफ, आधुनिक तकनीक से लैस थाना

डीआईजी व एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि साइबर थाना में विशेष रूप से प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस स्टाफ की तैनाती की गई है। थाना को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है, जिससे ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए होने वाले अपराधों की प्रभावी जांच की जा सकेगी।

### गांव-गांव चलेगा साइबर जागरूकता अभियान

उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता जरूरी है। इसके लिए पुलिस द्वारा गांवों, स्कूल-कॉलेजों, पंचायतों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। लोगों को ओटीपी फ्रॉड, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया ठगी से बचाव के उपाय बताए जाएंगे।



# नए डीआईजी- एसएसपी ने कसी अपराधियों पर नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नव पदस्थ डीआईजी एवं एसएसपी डां.लाल उमेद सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय जशपुर में अनुविभागवार अपराध समीक्षा बैठक लेकर जिले की कानून-व्यवस्था की गहन पड़ताल की। बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी मामलों के शीघ्र निराकरण के सख्त निर्देश दिए गए। डीआईजी-एसएसपी ने साफ कहा कि ओवरस्पीड, नशे में वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब कोई रियायत नहीं होगी। इसके लिए जिलेभर में ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। राजधानी की तर्ज पर जशपुर में भी पुलिस मितान तैनात कर गांव-गांव जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

■ ओवरस्पीड, नशे और तस्करी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के निर्देश

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को प्राथमिकता देते हुए नियमित पेट्रोलिंग, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने और तेज रफ्तार पर सख्त चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। डीआईजी-एसएसपी ने कहा कि सूचना मिलते ही नाकाबंदी कर त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाए। सीमावर्ती इलाकों, अंतरराज्यीय मार्गों और प्रमुख चेक-पॉइंट्स पर सघन चेकिंग बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं।

### मुखबिर तांत्रिकों सक्रियावं मजबूत करने के निर्देश

कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए मुखबिर तंत्र को और सक्रिय करने, सूचना देने वालों की गोपनीयता सुनिश्चित करने और मिली सूचनाओं पर तत्काल सत्यापन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विवेचकों की रोजाना मॉनिटरिंग कर विवेचना की गुणवत्ता सुधारने और दोषसिद्धि दर बढ़ाने पर विशेष फोकस रखा गया।

### कोई भी फरियादी थाना, चौकी से निराश होकर न लौटे

डीआईजी-एसएसपी ने दो टूक कहा कि कोई भी फरियादी थाना या चौकी से निराश होकर न लौटे। शालीन व्यवहार, निष्पक्ष जांच, निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग, पैदल मार्च, कांबिंग गश्त और शाम के समय प्रभारी द्वारा विजिबल पुलिसिंग अनिवार्य की गई है। साथ ही थाना-चौकी भवनों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और जप्ती माल के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक, एवं जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

## 34 हजार से अधिक किसानों से खरीदा गया 27 लाख क्विंटल धान

**जशपुरनगर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। 27 जनवरी तक कुल 34 हजार 897 किसानों से 26,98,120.40 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 557.44 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। किसानों के बैंक खातों में राशि का हस्तांतरण सतत रूप से जारी है। जिले की 24 समितियों के अंतर्गत संचालित 46 उपार्जन केंद्रों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नियमित रूप से खरीदी कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों को सहज और सुचारू प्रक्रिया का लाभ मिल रहा है। किसानों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपार्जन केंद्रों में टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, नमी मापक उपकरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन द्वारा केंद्रों में बैठने, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया गया है, जिससे खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी है।

## खरकट्टा से पंडरीपानी तक सड़क को मिली स्वीकृति



**पत्थलगांव।** ग्राम खरकट्टा से पंडरीपानी की वर्षो पुरानी अच्छी सड़क की मांग अब पूरी होते दिख रही है। ग्राम पंचायत खरकट्टा के सरपंच यसुदास भाजपा कार्यकर्ता सुशील यादव, ताम सिंह यादव ने विधायक गोमती साय से मिलकर वर्षो पुरानी मांग को जल्द पूर्ण कराने पर उनके निवास में मिल कर आभार माना। खरकट्टा से पंडरीपानी के लगभग 2 किलोमीटर की अच्छी सड़क ग्राम वासियों को डामर की पक्की सड़क बनकर अब मिल सकेगी। कुल लागत एक करोड़ 61 लाख रुपये है, जिसे शासन ने स्वीकृत किया है।

**समय सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के दिए निर्देश**

# समयबद्ध सेवा और पारदर्शी प्रशासन पर कलेक्टर का सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर जिले के समस्त विभागों में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर जनदर्शन एवं पीजीएन पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि, प्रत्येक आवेदन का गंभीरता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए, ताकि जनता को निर्धारित समय में सेवाओं का लाभ मिले। कलेक्टर ने बिजली, पेयजल, सड़क, आवास एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये विषय सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़े हैं, अतः इनमें किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सहित जिले के समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### पीएम सूर्य घर योजना को मिले गति


कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि, आम नागरिकों को अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को भी इस योजना से जोड़ने पर बल दिया गया।

### शिविरों की प्रगति की समीक्षा

बैठक के दौरान प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों की निराकरण स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि, शिविरों का उद्देश्य ही ग्रामीण स्तर पर त्वरित समाधान है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि

निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि, सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने लंबित एवं शिकायत ग्रस्त कार्यों का त्वरित निराकरण करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**खबर संक्षेप**



### शिवकुमार टोप्पो को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** ग्राम अजिरमा में राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर पदस्थ शिवकुमार टोप्पो को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। समाजशास्त्र विषय अंतर्गत उन्होंने यह उपाधि ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक स्वावलंबन में नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के योगदान के अध्ययन जिले के तीन ब्लॉक पर आधारित एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर सफलतापूर्वक शोध प्रस्तुत कर प्राप्त की है। यह शोध कार्य डॉ. प्रतिभा सिंह प्राध्यापक समाजशास्त्र के निर्देशन में पूरा किया गया। मौखिक परीक्षा के उपरांत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में शिवकुमार टोप्पो के शोध कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### यूजीसी एक्ट बिल शिक्षा पर हमला, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : हिमांशु

**अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने यूजीसी एक्ट बिल को लेकर कहा कि यह बिल देश की शिक्षा



व्यवस्था को सुधारने का नहीं, बल्कि उसे आरएसएस-बीजेपी के एजेंडे में जकड़ने का बिल है। यह बिल शिक्षा पर तानाशाही थोपने और राज्यों से उनके संवैधानिक अधिकार छीनने की साजिश है। इस बिल के लागू होने सेविश्वविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी, राज्य सरकारें शिक्षा नीति में बेबस दर्शक बन जाएंगी, शिक्षकों और छात्रों की आवाज़ दबाई जाएगी, शिक्षा को ज्ञान नहीं, आज्ञाकारिता का माध्यम बनाया जाएगा। यह बिल एक राष्ट्र, एक विचार थोपने का प्रयास है, जो भारत की संघीय व्यवस्था और विविधता के खिलाफ है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही, अब वह शिक्षा को भी अपने राजनीतिक नियंत्रण में लेकर सवाल पूछने वाली पीढ़ी को खामोश करना चाहती है। शराब दुकानों को बढ़ाने में लगी है स्कूल बंद करने वाली सरकार आज इस बिल को लाकर ये साबित कर दिया कि इन्हें छात्रों युवाओं से कोई मतलब नहीं सिर्फ और सिर्फ तानाशाही करने में लगी है।

## यूथ इंटक की सूचना पर पहुंची टीम ने किया जब्त

# एक्सपायरी हो चुके धान बीज को समिति में खपाने की चल रही थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में एक्सपायरी धान बीज को समिति में खपाने का मामला सामने आया है। युवा नेताओं की शिकायत पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने मौके से लगबघ 3.72 लाख रुपए का धान जब्त किया है। इस धान बीज को 40-40 केजी की बोरी बनाकर सिलफिली समिति में खपाने की योजना थी। फिलहाल अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- 40-40 केजी की बोरियों में भर रहे थे तस्कर

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम सुभाषनगर वार्ड क्रमांक 2 में एक किराए के मकान गोदाम में कुछ लोगों द्वारा पुराने धान बीज के एक्सपायरी हो चुके पैकेट को फाड़कर धान बीज को बोरियों में भरने का काम किया जा रहा था जिसके बाद यूथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील, प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल पटेल, रेहान अली एवं युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सतीश घोष सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे जहां एक्सपायरी हो चुके धान बीज के पैकेट को काटकर 40-40 केजी की बोरी तैयारी की जा रही थी। ऐसे में उन्होंने मामले की सूचना एसडीएम को दी। सूचना मिलने के बाद एसडीएम के निर्देश पर असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव के साथ ही राजस्व, मंडी, खाद्य की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि यूपी इलाहाबाद की कंपनी के एक्सपायरी हो चुके धान बीज की बोरियां बनाई जा रही थी। इस धान बीज की कीमत महज 5 से 6 सौ रुपए लेकिन तस्करों द्वारा इसे 31 सौ रुपए के हिसाब से खपाने की योजना थी।

जांच के दौरान यह बात सामने आई कि धान को सिलफिली धान समिति में बेचने की तैयारी थी। मौके से बड़ी संख्या में बोरियां भी बरामद की गई है इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह कारोबार लम्बे समय से चल रहा था और तस्कर बेखौफ होकर एक्सपायरी धान बीज को समितियों में खपाने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही यह धान केमिकल कोटेड भी होता है जो सीधे तौर पर हानिकारक हो सकता है। असिस्टेंट फूड ऑफिसर चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि उक्त धान केशव मंडल के यहां से बरामद किया है और धान किसी मुकेश गुहा का है। अधिकारियों ने मौके से 3.72 लाख रुपए का एक्सपायरी धान बीज बरामद किया है।




परिसर में मौजूद एक्सपायरी धान बीज के प्लास्टीक व बोरियों में अवैध धान।



### ट्रेलर की टक्कर से दो छात्रा घायल, लोगों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी दो छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों छात्रा घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार सेदम कमलेश्वर साहू की बेटी हेमा साहू आज सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर घर के सामने खड़ी थी जबकि वहीं सेदम हाई स्कूल जा रही कक्षा नवमी की छात्रा रितिका साहू आ. जगदीश साहू दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीटी 2455 का चालक श्रीपटी थाना के चिल्ड निवास सत्यम यादव आ. सूरज यादव (30 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी वहीं वाहन में फंस जाने से रितिका साहू 20 मीटर तक घसीटते रही जो छिटक कर दूर जा गिरी। चालक घटना स्थल से ट्रेलर लेकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर चालक को मंगारी के समीप पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। चालक सत्यम ने बताया कि झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। ट्रेलर को दिल्ली से रायगढ़ लेकर जा रहा था और घटना के बाद डर से भाग रहा था। इधर घायल छात्राओं को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है।

#### सड़क पर उतरे आक्रोशित ग्रामीण

एनएच 43 पर ट्रेलर की टक्कर से दो छात्राओं के घायल होने पर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और आए दिन हो रही दुर्घटना के विरोध में सड़क पर उतर गए। इधर एनएच 43 पर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर, एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी, तहसीलदार गोविंद सिन्हा, बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर टीम साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सेदम हाई स्कूल, ईश्वर सोनी के घर पास, बाजार डांड़ पास ब्रेकर बनवाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### वाटर पार्क में असामाजिक तत्वों ने जमकर मचाया उत्पात, की मारपीट

**अंबिकापुर।** गणतंत्र दिवस के दिन शहर के वाटर पार्क में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों के अलग अलग गुट के साथ ही युवतियों ने आपस में जमकर मारपीट की जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर चली मारपीट और उत्पात का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। बता दें कि सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर सहित जिलेभर के उद्यान, पर्यटन स्थल गुलजार रहे। बड़ी संख्या में लोगों अपने परिवारों के साथ घूमने फिरने के लिए निकले थे। इस दौरान शहर के वाटर पार्क में भी इस बार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ वाटर पार्क घूमने के लिए आए थे। इस दौरान वाटर पार्क में अलग अलग गुटों के बीच मारपीट की घटनाएं भी सामने आई। युवकों ने आपस में जमकर मारपीट की। लोगों के पार्क में जमकर उत्पात मचाया जिससे लोग भी दहशत में रहे। वहीं युवकों के साथ ही युवतियों के भी मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। युवतियां आपस में एक दूसरे के साथ मारपीट कर रही है। वाटरपार्क में मारपीट और उत्पात देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने उतपातियों को खदेड़ा और बाइकर्स गैंग के खिलाफ चलानी कार्रवाई की।

### नाम और पहचान बदलकर युवतियों का किया शोषण, गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा में लव जिहाद का मामला सामने आया है। पना नाम और पहचान बदलकर युवक एक हिन्दू युवती का दैहिक शोषण किया इसके साथ ही उसके साथ ठगी की। आरोपी ने फेसबुक में फर्जी आईडी और फर्जी आधारकार्ड बनवाकर सरगुजा में कई लड़कियों का शोषण किया। वहीं एक युवती के साथ उसने पैसों कि ठगी की। होटल के कमरे में रुकने के दौरान आरोपी के बैग से मिले दस्तावेज से उसका भांडा फूट गया जिसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दो अलग अलग मामलों में अपराध दर्ज करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि बिहार के पटना निवासी महफूज नामक व्यक्ति ने अपना नाम फेसबुक एन तरुण पैकरा रख लिया और एक फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया। फेसबुक के जरिए उसने पैकरा सरनेम वाली युवतियों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी।



































# गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



# मिमी

## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।


मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



# लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



# संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



# 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं।



'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



## आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### रामायण में बने तुलसीदास

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### मेरठ में हुई थी शादी

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### दूसरी शादी

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन करते स्कूल का चपरासी पकड़ा गया

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ ब्लॉक के शाउमावि कुडेकेला में पदस्थ चपरासी रमेश साव को निलंबित कर दिया गया है। रमेश साव ओड़िशा से अवैध धान परिहन कर रहा था। जांच में खुलासा होने के बाद उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। पंचनामा एवं संबंधित व्यक्तियों के बयानों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि रमेश साव द्वारा ओड़िशा राज्य से धान का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था, जिसमें उनकी संलिप्तता पाई गई है। सरकारी कर्मचारी होने के बावजूद रमेश साव द्वारा किया गया यह कृत्य शासन के निर्देशों एवं अपने पदीय कर्तव्यों के प्रतिकूल होकर घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों का उल्लंघन है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के अंतर्गत दण्डनीय है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### 5 गोल्ड मैडल से सम्मानित होगी नम्रता

**रायगढ़।** किसी ने सच ही कहा है भाग्य से ज्यादा कर्म योगी व्यक्ति को इतिहास रचने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अभावों के बीच भाव का शंखनाद करने वाली नम्रता गुप्ता जिसका जन्म टिनमिनी निवासी कृषक सदानंद गुप्ता और मातुश्री ज्योत्सना गुप्ता के आंगन में हुआ था। कौन जानता था कि यह बालिका आने वाले भविष्य में एक ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचेगी जिसकी कल्पना भी कोई नहीं कर सकता लेकिन यह भी सच है की पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। भाई संग्राम गुप्ता ने अपने बहन के कंधे में कंधे मिला बहन को ऊंचाइयों के शिखर पर विराजित करने में सफल हुआ। नम्रता गुप्ता 8 वीं तक की पढ़ाई टिनमिनी में ही की वही 12 वीं तक की शिक्षा पुसौर में पूरी की । संगीत ही जीवन है और जीवन ही संगीत है इस बात की समझ नम्रता को कक्षा 12 वीं पढ़ाई के दौरान संप्राप्त हो गया था । सपनों को साकार करने के लिए नम्रता इंदिरा गांधी संगीत व कला महाविद्यालय खैरागढ़ में साधना प्रारंभ कर दी। नम्रता ने 4 साल डिग्री और 2 साल मास्टर आंफ संगीत की साधना खैरागढ़ में रहकर पुरी की। सौभाग्य की संगीत प्रेमियों और संगीत की जानकारी को भटकाव का सामना नहीं करना पड़ता ठीक इसी बिंदु पर नम्रता नौकरी की तलाश में भटकी नहीं अपितु खैरागढ़ में ही वादन के गेस्ट टीचर के रूप कार्य करने लगी।

### ह्यूमन राइट्स ने किया वर्चुअल वेबीनार

**छाल।** 25 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेम सिंह चौहान के अध्यक्षता में एक वर्चुअल वेबीनार का आयोजन किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा वर्चुअल वेबीनार कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा की आज हम एक बेहद जरूरी और संवेदनशील विषय पर चर्चा करेंगेकृ बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकार और आम जनता की जिम्मेदारी। बच्चे हमारे समाज का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## कौशल्या साय ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

# विवेकानंद स्मृति फुटबॉल स्पर्धा का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वामी विवेकानंद स्मृति नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता केरसई का मंगलवार को भव्य एवं रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबला फरसाबहार और जीआर जशपुर के बीच खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। पेनल्टी शूटआउट में फरसाबहार की टीम ने दो गोल से बढ़त बनाते हुए जशपुर को पराजित कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। इस मौके पर भरत साय पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, दुलारी सिंह जिला पंचायत सदस्य,नटवर मूंदड़ा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, कपिलेश्वर सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, दिलीप साहू मंडल अध्यक्ष, विनोद पैंकरा मंडल महामंत्री, राजेश चौधरी अध्यक्ष भाजयुमो, संगीता वर्मा सरपंच, शिवकुमार गुप्ता उपसरपंच, गोपाल कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम फरसाबहार को 51,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता जीआर जशपुर को 21,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

■ पेनल्टी शूटआउट में फरसाबहार ने जशपुर को हराकर जीती ट्रॉफी

### छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड की टीमें हुईं शामिल

उल्लेखनीय है कि इस प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था, जिनमें छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड की टीमें शामिल रहीं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया, जिससे दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला।समापन समारोह में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आयोजन रहा सराहनीय

आयोजन समिति की सफल व्यवस्था की सभी ने सराहना की।इस मौके पर सीताराम प्रसाद गुप्ता, अर्जुन प्रसाद साहू, दूधेश्वर साय, जयगोपाल यादव, राहुल कुमार वर्मा, नीरज वर्मा, अशोक यादव, नंदकुमार राम, शीला देवी पंच, अशांति प्रधान पंच सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से

**जशपुरनगर।** जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। फाइलेरिया के रोकथाम एवं जागरूकता के लिए इस गतिविधि के जरिये 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के सभी 8 विकासखंडों में विशेष रूप से चलाया जाएगा। इसके तहत बूथ लगाकर, घर-घर भ्रमण, मॉप-अप राउंड एवं एमडीए कॉर्नर गतिविधि कर दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इसके तहत फाइलेरियारोधी इवरमेक्टिन डीईसी की गोली और कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली 2 वर्षों से अधिक उम्र के बच्चों और बड़ों को सेवन कराया जाएगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला समन्वय समिति की बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समन्वय कर कार्यक्रम को सक्रियता पूर्वक क्रियान्वित करने के निर्देश दिये है। साथ ही आवश्यक संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर गंभीरतापूर्वक विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए गए।



## पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर जिलेभर में बैंक कर्मियों की हड़ताल

**जशपुरनगर।** 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह सहित बैंककर्मियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर मंगलवार 27 जनवरी 2026 को जिलेभर में बैंककर्मी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इस दौरान स्टेट बैंक सहित सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों में कामकाज पूरी तरह या आंशिक रूप से प्रभावित रहा।

बैंककर्मियों ने बताया कि वर्तमान बैंकिंग प्रणाली में लगातार बढ़ता कार्यदबाव, कर्मचारियों के कार्य-जीवन संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जिससे उनके शारीरिक, मानसिक एवं पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बैंककर्मियों का कहना है कि 5-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण सेवा, स्वस्थ कार्य वातावरण और बेहतर ग्राहक सेवा के लिए आवश्यक है।

आंदोलन सुरक्षित एवं संतुलित बैंकिंग व्यवस्था की दिशा में कदम- हड़ताल के दौरान बैंककर्मियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए मांगों के समर्थन में नारे लगाए। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन केवल वर्तमान कर्मचारियों के लिए ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के लिए सुरक्षित और संतुलित बैंकिंग व्यवस्था की दिशा में उठाया गया कदम है।

## जनपद पंचायत कार्यालय होगा विकासखंड में पदस्थ मत्स्य निरीक्षकों का मुख्यालय

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, विकासखंड में पदस्थ मत्स्य निरीक्षक अपने अपने विकासखंड के जनपद पंचायत कार्यालय में सुबह 10 बजे उपस्थिति देंगे, इसके पश्चात फिल्ड विजिट करके किसानों और स्व सहायता समूह की महिलाओं को मत्स्य विभाग की योजना के संबंध में जानकारी देंगे। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीकों से मछली पालन की विधि और स्व सहायता समूह की महिलाओं को तालाब को पट्टे में मछली पालन की तकनीक व विधि बताने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, मत्स्य निरीक्षक का मुख्यालय अपने संबंधित विकासखंड का जनपद पंचायत कार्यालय रहेगा इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी से आंगनबाड़ी के भवन स्वीकृति और निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती पदों की भी जानकारी लेकर रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए राशन वितरण, राशनकार्ड संबंधित आवेदनों का निराकरण और फूड इंस्पेक्टर के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ने कहा कि, विकासखंड में पदस्थ फूड इंस्पेक्टर प्रतिदिन एसडीएम कार्यालय में प्रतिदिन अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। उसके बाद फिल्ड विजिट करके प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित भी करेंगे। इसके साथ ही समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करके पात्र महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए प्रक्रिया बताने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कुनकुरी के फूड इंस्पेक्टर संदीप गुप्ता और दुलदुला के फूड इंस्पेक्टर अजय प्रधान को विशेष ध्यान देकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने होटल व ढाबे में लकड़ी से खाना नहीं बनाने व सभी को कमर्शियल गैस कनेक्शन लेने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए जांच दल बनाकर होटल और ढाबों रेस्टोरेंट में निरीक्षक करने के लिए कहा गया।

■ फूड इंस्पेक्टर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के संबंध में महिलाओं को दें जानकारी



### आईडी विस्फोट में घायल हुआ हाथी लंगड़ाते पहुंचा सुकड़ा जंगल

**राउरकेला।** ओड़िशा और झारखंड की सीमा से सटे सारंडा जंगल में आईडी विस्फोट की चपेट में आकर घायल हुआ जंगली हाथी भीषण पीड़ा के बीच लगातार भ्रमण करता हुआ जराईकेला से आगे बढ़कर सुकड़ा एवं पोटका जंगल क्षेत्र के समीप पहुंच गया है। पिछले लगभग एक सप्ताह से झारखंड एवं ओड़िशा वन विभाग की संयुक्त टीम तथा पशु चिकित्सकों द्वारा घायल हाथी का उपचार किया जा रहा है। बुधवार को भी पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथी के जख्मों पर दवाइयां लगाईंए लेकिन गहरी चोट के कारण उसे चलने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। हाथी की स्थिति की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे।

## अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से रूबरू होंगे जिले के विद्यार्थी

**जशपुरनगर।** जिले में विज्ञान, नवाचार और अंतरिक्ष चेतना को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से 'इंडिया इन स्पेस'थीम पर आधारित 'अंतरिक्ष संगवारी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 4 फरवरी को रणजीता स्टेडियम जशपुरनगर में आयोजित इस प्रेरक कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में जाने वाले पहले भारतीय और अशोक चक्र से सम्मानित प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का शामिल होना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में जिले के लगभग 10 हजार स्कूली विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी विभागों को स्पष्ट दायित्व सौंपते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी के रूप में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार कार्यक्रम का समन्वय करेंगे। कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस विभाग को दी गई है। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा, एम्बुलेंस, अग्निशमन, निर्बाध विद्युत व जनरेटर, पेयजल, स्वच्छता, टेंट व बैठक, माइक-साउंड, लाइव स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया प्रचार व आमंत्रण पत्र, फ्लोर लिपाई व रंगोली, मंच सज्जा व पुष्प व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं के लिए विभागवार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

■ कलेक्टर ने सभी तैयारी पूर्ण करने के दिए निर्देश

### अनुभव साझा करेंगे शुभांशु

अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन करने वाले वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को ए एक्स 4 मिशन के दौरान असाधारण साहस दिखाने के लिए 77वें गणतंत्र दिवस पर अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। 18 दिन तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहकर उन्होंने कई महत्वपूर्ण प्रयोगों को अंजाम दिया। यह भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि रही। अंतरिक्ष यात्री श्री शुभांशु शुक्ला विद्यार्थियों से अपने अंतरिक्ष सफर, प्रशिक्षण, चुनौतियों और भारत के बढ़ते अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर संवाद करेंगे। यह संवाद विद्यार्थियों में तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रनिर्माण के प्रति उत्साह बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि, यह कार्यक्रम जशपुर के विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान से सीधे संवाद का दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा और 'इंडिया इन स्पेस' के संदेश को जमीनी स्तर तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के लिए बौद्धिक प्रतियोगिताएं, नारा लेखन, चित्रकारी, निबंध, रंगोली और स्केच एक्टिविटी आयोजित होंगी। साथ ही विद्यार्थियों के आकर्षण के लिए सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे, जहां वे 'इंडिया इन स्पेस' थीम के साथ यादगार क्षण संजो सकेंगे।

## अवैध भंडारण व परिवहन करते पकड़ा गया 500 बोरी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त निगरानी की जा रही है।

इसी कड़ी में रविवार 25 जनवरी की रात्रि को विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम परसदाडीह में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान ग्राम परसदाडीह स्थित एक किराना दुकान में पिकअप वाहन में लगभग 100 बोरी धान लोडिंग की स्थिति में पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्ति धान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके अतिरिक्त पास ही स्थित एक गोदाम में 400 बोरी धान का अवैध रूप से भंडारण पाया गया। कार्रवाई के दौरान पिकअप वाहन सहित 100 बोरी धान को जब्त कर थाना जैजैपुर के सुपुर्द किया गया। वहीं गोदाम में पाए गए 400 बोरी धान को भी जब्त करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार रविशंकर राठौर और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण, परिवहन या कालाबाजारी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश



**जशपुरनगर।** 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर एवं यातायात विभाग जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क एवं यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी सीनियर डिवीजन (एसडी व एसडब्ल्यू) के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन, दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने पोस्टर, नारों एवं प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम का सशक्त संदेश दिया। यह कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी कैप्टन एआर पैंकरा के कुशल संयोजन, सतत मार्गदर्शन एवं प्रभावी देखरेख में संपन्न हुआ, जिनके नेतृत्व में कैडेट्स ने अनुशासन, समन्वय एवं कार्यकुशलता का उत्कृष्ट परिचय दिया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए नागरिकों से सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम में शामिल कैडेट्स में सौरभ सिंह, रोहित राम, अभिषेक सिंह, नैमिष यादव, विनीता बाई, तारिणी यादव, खुशबू भारती, रवि नायक, शिवम शुक्ला, आशुतोष भगत, आसियान राम, शम्मी अंसारी, संजय यादव, कुशल यादव, समीर भगत, ललिता बाई, अफसाना कुजूर, रिया भगत, महकमाली सहित अन्य कैडेट्स शामिल रहे।

### बेहतर कदम

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेन्द्र ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सड़क सुरक्षा जैसे जनहितकारी अभियानों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कैडेट्स के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**इनकी रही भागीदारी-** कार्यक्रम की महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. यूएन लकड़ा, डॉ. केके प्रसाद, डॉ. एके श्रीवास्तव, जेआर भगत, डॉ. सरिता निकुंज, डीआर राठिया, प्रवीण सतपति, रिजवाना खातून, बीआर भारद्वाज, ज्योति तिर्की, जेपी कुजूर, केके केरकेट्टा, आईलिन एक्का, डॉ. हरिकेश कुमार, गौतम सूर्यवंशी, वीपी सिंह, मनोरंजन कुमार एवं वरुण श्रीवास्तव, सुनील चौहान आदि—ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय परिवार ने यातायात विभाग

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मिलेगा पेंशन का लाभ

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में श्रम योगी मानधन योजना एवं एनपीएस ट्रेडर्स योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने नगरीय निकायों में योजनाओं के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने निर्देशित किया कि, दोनों योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा विशेष शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका पंजीयन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि, इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए और कोई भी योग्य व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष के आयु पश्चात मासिक पेंशन प्रदाय करने के लिए भारत सरकार, श्रम एंव रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इस योजना में 18 से 40 वर्ष आयु समूह के असंगठित श्रमिक योजना में शामिल हो सकते हैं। इसमें असंगठित श्रमिक जैसे फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलु श्रमिक, कचरा बिनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हस्तकरघा श्रमिक, धोबी, चमड़े का काम करने वाले, अन्तर्राज्यीय श्रमिक और इस व्यवसाय में कार्यरत श्रमिकों जिनकी मासिक आमदनी 15 हजार से कम हो योजना में शामिल होंगे।

## खाद्य-ग्रेड महुआ व वनौषधियों को मिला नया आधार

# जशपुर में सोलर टनल ड्रायर की स्थापना




**जशपुरनगर।** महुआ के लिए पहचाने जाने वाले जशपुर जिले में अब इसके संग्रह और प्रसंस्करण की तस्वीर बदलने जा रही है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा प्रायोजित परियोजना के तहत जिले में सोलर टनल ड्रायर की स्थापना की गई है। इससे महुआ फूलों और वनौषधियों का वैज्ञानिक, स्वच्छ एवं खाद्य-ग्रेड निर्जलीकरण संभव हो सका है।अब तक महुआ सुखाने की पारंपरिक पद्धति इसकी गुणवत्ता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी।

खुले में सुखाने के कारण धूल, नमी और कीटों का असर पड़ता था, जिससे खाद्य उपयोग और बाजार तक पहुंच सीमित हो जाती थी। इसी समस्या के समाधान के लिए डीएसटी की यह परियोजना जशपुर में लागू की गई है। यह परियोजना "छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातीय समुदायों की पारंपरिक पद्धतियों का तकनीकी उन्नयन, सतत आजीविका एवं उद्यमिता विकास हेतु" शीर्षक से स्वीकृत है। परियोजना को राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली के वैज्ञानिक डॉ. प्रसन्ना कुमार जीवी जशपुर जिले में स्थानीय सहभागिता के साथ क्रियान्वित कर रहे हैं। इस पहल में जय जंगल किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का सहयोग भी शामिल है। सोलर टनल ड्रायर के माध्यम से महुआ फूलों को नियंत्रित तापमान में तेज़, समान और स्वच्छ तरीके से सुखाया जा रहा है। इससे महुआ का रंग, सुगंध और पोषण तत्व सुरक्षित रहते हैं, वर्षा, धूल और कीटों से सुरक्षा मिलती है,तथा दीर्घकालीन भंडारण संभव हो पाता है।पूरी तरह सौर ऊर्जा आधारित यह प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ कम लागत वाली भी है। परियोजना के अंतर्गत आदिवासी महिला लाभार्थियों को गिलोय, अडूसा जैसी महत्वपूर्ण वन औषधियों के वैज्ञानिक निर्जलीकरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही पालक जैसी मौसमी सब्जियों के निर्जलीकरण का भी प्रदर्शन किया गया।प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षित हैंडलिंग, ट्रे में उचित भराव, नमी नियंत्रण और वैज्ञानिक भंडारण विधियों पर विशेष जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ.प्रसन्ना कुमार जीवी पिछले तीन वर्षों से जशपुर जिले में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनकी दीर्घकालिक सहभागिता के कारण यह परियोजना स्थानीय अनुभवों और जरूरतों पर आधारित व्यावहारिक मॉडल के रूप में उभर रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त